Carmel International School, Hosur

GRADE –VII WORK SHEET -I Sub: II lang. Hindi

I. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो:

लोकगीतों के कई प्रकार हैं| इनका एक प्रकार तो बड़ा ही ओजस्वी और सजीव है| यह इस देश के आदिवासियों का संगीत है| मध्य प्रदेश, दक्कन, छोटानागपुर में गोंड-खांड, ओराँव-मुंडा, भील-संथाल आदि फैले हुए हैं, जिनमें आज भी जीवन नियमों की जकड़ में बंध न सका और निर्द्वंद्व लहराता है| इनके गीत और नाच अधिकतर साथ-साथ और बड़े-बड़े दलों में गाए और नाचे जाते हैं| बीस-बीस, तीस-तीस आदमियों और औरतो के दल एक साथ या एक – दुसरे के जवाब में गाते हैं, दिशाएँ गूँज उठती हैं| पहाड़ियों के अपने-अपने गीत हैं| उनके अपने-अपने भिन्न रूप होते हुए भी आशास्त्रीय होने के कारण उनमें अपनी एक समान भूमि है| गढवाल, किन्नौर, काँगड़ा आदि के अपने-अपने गीत और उन्हें गाने की अपनी-अपनी विधियाँ हैं| उनका अलग नाम ही 'पहाड़ी' पड गया हैं |

प्रश्न: 1. किनका जीवन नियमों की जकड में न बंध सका ?

2. आदिवासियों के संगीत की क्या विशेषता है?

3. किसके गीतों का नाम पहाड़ी पड़ गया है?

4. गद्यांश का उचित शीर्षक बताइए|

5. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द गद्यांश से चुनकर लिखिया- 1.निर्जीव 2. अभिन्न

II. 1.अपनी बहन का विवाह हेतु अपने प्रधानाचार्य को पाँच दिन की छुट्टी मांगते हुए एक पत्र लिखो|

(या)

जन्मदिन पर मित्र के द्वारा भेजे गए उपहार के लिए धन्यवाद देते हुए पत्र लिखिए|

GRADE –VII WORK SHEET -2 Sub: II lang. Hindi

I. ‘पुस्तकालय’ के बारे में एक निबंध लिखिए | (15)

II. इन प्रश्नों के उत्तर दो :

1. इस कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश दे रहा है?

2. मोती से लेखक का क्या तात्पर्य है ?

3. कवि किन – किन उदाहारण द्वारा हमारा उत्साह बढ़ा रहा है ?

4. दर्पण को किस बात का फर्क नहीं पड़ता ?

5. रेफ्रिजरेटर को बरफ की अलमारी कहने का क्या तात्पर्य था ?

6. लेखक की पत्नी रेफ्रिजरेटर को भरा हुआ क्यों रखना चाहती थी ?

7. अंत में पत्नी ने बरफ की अलमारी का सदुपयोग किस प्रकार किया और इसके लिए क्या तर्क दिया?

8. लेखक के मित्र ने रेफ्रिजरेटर ख़रीदने के लिए क्या-क्या तर्क दिया ?

9. भगत सिंह कौन थे और उनके परिवार की क्या विशेषता थी ?

10. अहिंसात्मक सत्याग्रह के अवसर पर क्या घटना घटी ?

Carmel

GRADE –VII WORK SHEET -3 Sub: II lang. Hindi

I. इन प्रश्नों के उत्तर दो :

1. भगत सिंह की सोच अन्य कैदियों से भिन्न क्यों थी ?

2. मुकदमे के दौरान दोनों ने एक आवाज़ में क्या कहा ?

3. लोग सर्दियों में घाना पक्षी – विहार क्यों जाते हैं ?

4. वनरक्षक ने सबको चुप रहने का संकेत क्यों किया ?

5. नदी किन-किन बाधाओं का सामना करती हुई आगे बढती है ?

6. बड़े –बड़े पत्थरों को तोडती-उछालती- इस पंक्ति से नदी के किस स्वभाव का पता चलता है?

7. अखबारवाले ने अखबार न डालने के लिए क्या तर्क दिया ?

8. पलक और निमिष का कौन-सी मन;स्थिति का सूचक है?

9. बिना सोचे-विचारे काम करने से क्या-क्या हानियाँ होती हैं? उदाहरण सहित लिखो |

10. ‘वास्तव में सूचना एक आदत है’ – लेखक के इस कथन का आशय अपने शब्दों में स्पष्ट करे|

11. ब्रह्मदत्त कौन था और उसकी प्रजा उसे कैसा राजा मानती थी ?

12. कवि ने ‘ज्योति कलश’ किसे कहा है ?

13. ‘कल के सपने सच’ होने की बात क्यों की गई है?

14. पहली बार राजा को गोदे मीठे और दूसरी बार कड़वे क्यों लगे ?

15.घाना पक्षी –विहार का पूरा नाम क्या है और यह कहाँ पर स्थित्त है ?

16.लेखक के मित्र ने रेफ्रिजरेटर खरीदने के लिए क्या-क्या तर्क दिए ?

17. राजा ने अपने राज्य में जाकर क्या किया ?

18. नौकर ने चाय क्यों नहीं बनाई ?

19. नदी अपनी जलधारा को कैसे बनाए रखती है ?

20. 1928 में भारत आई ब्रिटिश कमिटी को क्या निर्णय लेना था ?